<u>समाचार</u>

10 फरवरी को सायं बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति

कोरबा 08 फरवरी 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा, टी.पी.नगर, रविशंकर नगर व कोसाबाड़ी जोन में की जाने वाली नियमित पेयजल आपूर्ति आवश्यक तकनीकी कारणों के फलस्वरूप 10 फरवरी को शाम के समय बाधित रहेगी। निगम द्वारा इससे होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है।

नगर पालिक निगम कोरबा के कोहड़िया स्थित जलउपचार संयंत्र में स्थापित 32 एम.एल.डी.क्लीयर वाटर राईजिंग मेन पाईप लाईन में स्थित पानी के फ्लो को माप करने हेतु 600 एम.एम. व्यास के एम.एफ.पाईप लाईन को कटिंग कर फ्लोमीटर स्थापित किया गया जाना हैं, परिणाम स्वरूप 10 फरवरी को शाम के समय कोरबा.टी.पी.नगर, रविशंकर नगर व कोसाबाड़ी जोन में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।